पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, भाद्र 29, 1945
बुधवार, सितंबर 20, 2023

अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर 2023 का उद्घाटन एनसीसी के महानिदेशक ने किया

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने सितंबर 20, 2023 को करियप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 एनसीसी निदेशालयों से लगभग 1,547 कैडेट (867 लड़के और 680 लड़कियां) शिविर में भाग ले रहे हैं। सितंबर 19 से शुरू हुए 12 दिवसीय शिविर के दौरान, कैडेट निशानेबाजी, बाधा प्रशिक्षण, मैप रीडिंग और अन्य पेशेवर प्रशिक्षण प्रतियोगिताओं जैसे कई विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक ने कैडेटों का इस प्रतिष्ठित शिविर में स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन्हें साहस, अनुशासन और सम्मान से भरपूर जीवन का अनुभव मिलेगा, जिससे उनमें नेतृत्व और सौहार्द की भावना पैदा होगी। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य कैडेटों को सेना विंग के प्रशिक्षण के प्रमुख पहलुओं से अवगत कराना, उनमें प्रतिस्पर्धी जोश और अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को भरना है।

एबीबी/एलपी